दिन— सोमवार | दिनांक— 15 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि — 15 मिनट

---

01. भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा — पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में आगे भी काम करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज एक हजार दो सौ तिरासी आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने प्रदेश में मखाना बोर्ड की तर्ज पर पान विकास बोर्ड के गठन की घोषणा की।

04. और, प्रदेश के तापमान में उतार—चढ़ाव के बीच पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हुई बढ़ोतरी।

---

भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड ने पथ निर्माण मंत्री और पांच बार के विधायक नितिन नवीन को तत्काल प्रभाव से पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री नवीन ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में आगे भी काम करेंगे।

———बाइट———

एक संगठनात्मक नेता के तौर पर जाने जाने वाले श्री नवीन अभी पटना जिले की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। श्री नवीन भाजपा के अनुभवी नेता और पूर्व विधायक स्वर्गीय नबीन किशोर प्रसाद सिन्हा के पुत्र हैं। पैंतालीस साल की उम्र के श्री नवीन पार्टी के इतिहास में सबसे कम उम्र के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। वे इस पद पर नियुक्त होने वाले बिहार के पहले भाजपा नेता हैं। लगभग दो दशक के संगठनात्मक अनुभव के साथ, श्री नवीन ने पार्टी में कई महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव, बिहार अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रभारी के रूप में अपनी विशेष भूमिका का निर्वाह कर चुके हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नवीन को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि नितिन नबीन एक

युवा और कर्मठ नेता हैं और उनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है तथा बिहार में कई बार विधायक और मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नवीन की ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में पार्टी को मजबूत करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी श्री नवीन को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि श्री नवीन की इस नई जिम्मेदारी से भाजपा को और मजबूती मिलेगी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने श्री नवीन की नियुक्ति पर केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इससे युवा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा।

———बाइट———

---

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मंत्री मंगल पांडेय ने भी श्री नवीन को बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि इससे पार्टी के प्रति आम कार्यकर्ताओं में भरोसा बढ़ेगा। साथ ही श्री नवीन के युवा नेतृत्व में पार्टी का युवाओं में आधार भी बढ़ेगा। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने भी श्री नवीन को शुभकामना देते हुए कहा है कि यह बिहार के लिए गौरव की बात है।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री और हम के संरक्षक जीतन राम मांझी ने भी श्री नवीन को बधाई दी है। इधर, राजद ने भी श्री नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर शुभकामनाएं दी हैं। पार्टी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि श्री नवीन की नियुक्ति बिहार के लिए हर्ष की बात है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज एक हजार दो सौ तिरासी आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इनमें आर्युवेदिक, होमियोपैथिक और यूनानी चिकित्सक शामिल हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, जल संसधान मंत्री विजय कुमार चौधरी तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहेंगे।

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि मखाना बोर्ड की तर्ज पर प्रदेश में पान विकास बोर्ड का गठन किया जाएगा। उन्होंने पटना में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार पान कृषकों की आर्थिक मजबूती के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है।

---

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विभाग ने **परिमार्जन प्लस पोर्टल** पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए समय–सीमा तय कर दी है। अलग–अलग किस्म की त्रुटियों में सुधार के लिए पंद्रह से पचहत्तर दिनों की समय–सीमा निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के क्रम में कुछ जमाबंदियों में रैयत के नाम, पिता का नाम, खाता–खेसरा, रकबा–लगान आदि में त्रुटियां सामने आई हैं। इन्हीं में सुधार के लिए परिमार्जन प्लस पोर्टल विकसित किया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि अब तक साढ़े चार करोड़ जमाबंदियों को ऑनलाइन किया जा चुका है।

---

बिहार विधानसभा की नवगठित समितियों की पहली बैठक आज आयोजित की जाएगी। इस बैठक में समितियों से संबंधित विषयों पर चर्चा के साथ कार्ययोजना तय किए जाने की संभावना है। इन समितियों का गठन संसदीय परंपराओं के अनुरूप लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। गौरतलब है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विधानसभा की प्रक्रिया कार्य संचालन नियमावलियों के तहत लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, याचिका समिति, आश्वासन समिति सहित कई समितियों का गठन किया है।

---

प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। वहीं, पटना सहित सत्रह जिलों के न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि हुई है। इस अवधि में सबसे कम आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान किशनगंज में दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिन के दौरान राज्य के कई स्थानों पर तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इन स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रह सकता है।

---

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के अंतरजिला स्थानांतरित सत्ताईस हजार एक सौ इकहत्तर शिक्षकों को प्रखंड आवंटित कर दिये गये हैं। शिक्षा विभाग ने आवंटित प्रखंडों के स्कूलों में शिक्षकों का पदस्थापन इकतीस दिसम्बर तक करने का निर्देश दिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर बी. राजेन्दर ने इस संबंध में मार्गदर्शिका जारी की थी। इसके अनुसार जिन शिक्षकों को वांछित पांच प्रखंडों में पद नहीं मिलेगा, उन्हें जिले के अंदर अन्य प्रखंड में रिक्त सीटों के अनुसार विद्यालय आवंटित किया जाएगा।

---

प्रदेश में आज से नई सुविधाओं के साथ बारह एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र शुरू होंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि राज्य में कुल अड़सठ एकलव्य स्कूल शुरू होने हैं। श्री शंकरण ने कहा कि पहले चरण के तहत पटना, बक्सर, सीतामढ़ी, मुंगेर, नालंदा, कैमूर और बेगूसराय में इन केंद्रों की शुरूआत हो रही है।

---

प्रदेश में पिछले छह वर्षों में कमजोर वर्ग के तीन लाख बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला मिला है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, आरटीई के तहत नामांकन कराए गए सभी छात्र सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हैं। ज्ञान दीप पोर्टल के अनुसार सरकार ने आरटीई के तहत दो साल में निजी स्कूलों को डेढ़ सौ करोड़ रुपये दिये हैं।

---

सिख पंथ के दसवें गुरू गुरू गोविंद सिंह जी महाराज का तीन सौ उनसठवां प्रकाश पर्व अट्ठाईस दिसम्बर को मनाया जाएगा। इसे लेकर आज से ग्यारह दिनों की प्रभात फेरी की शुरूआत हुई। पच्चीस दिसम्बर को बड़ी प्रभात फेरी के साथ इसका समापन होगा। छब्बीस दिसम्बर को पटना के गायघाट गुरूद्वारा से नगर कीर्तन निकाली जाएगी। सत्ताईस दिसम्बर को तख्तश्री हरिमंदिर पटना साहिब में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। तख्तश्री हरिमंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और उपाध्यक्ष सरदार गुरूवींदर सिंह ने बताया कि बाल लीला गुरुद्वारा मैनी संगत में अट्ठाईस दिसम्बर को दशमेश गुरू का जन्मोत्सव मनाया

जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में देश–विदेश के श्रद्धालु पटना साहिब पहुंचेंगे। इसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज अखंड भारत के शिल्पकार और लौह पुरूष सरदार बल्लव भाई पटेल उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। इस अवसर पर पटना के चितकोहरा में राजकीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करेंगे।

———————————————————————

हैदराबाद में आयोजित इकतालीसवीं राष्ट्रीय सीनियर क्योरूगी और ताइक्वांडों प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। क्योरूगी वर्ग में प्रदेश की श्रेया रानी ने कांस्य पदक प्राप्त जीता। वहीं, ताइक्वांडों में टीम ने रजत और कांस्य पदक प्राप्त किये हैं।

———————————————————————

शिवहर की जिलाधिकरी प्रतिभा रानी ने मातृ शिशु अस्पताल के प्रबंधक के वेतन भुगतान पर रोक लगाने का आदेश दिया है। अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान कुव्यवस्था से नाराज जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था दुरुसत करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

खगड़िया के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने जिला पुलिस की अधिकारिक वेबसाइट जारी की है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण के बेतिया सोवाबाबु चौक से सांसद संजय जयसवाल और मंत्री नारायण प्रसाद ने आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान घर घर स्वदेशी संकल्प स्टॉल की शुरूआत की। इस दौरान लोगों ने स्वदेशी सामानों के इस्तेमाल का संकल्प लिया।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर पर लिखा है – नितिन नवीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष। बिहार ही नहीं, पूर्वी भारत से भाजपा में इस पद पर पहुंचने वाले पहले नेता।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – प्रदेश में जमीन और मकान की खरीद–बिक्री होगी महंगी, तय की जायेंगी निबंधन दरें।

**दैनिक भास्कर** ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी की कार्यशैली पर लिखा है – एक साल में न चार्ज फ्रेम, न ट्रायल। नतीजा– संजीव हंस, गुलाब यादव समेत बारह को जमानत।

**प्रभात खबर** लिखता है – सात सौ पुरूष सिपाहियों को मिला ठिकाना, भोजन की भी सुविधा।

**राष्ट्रीय सहारा** ने केंद्र सरकार के निर्देश के हवाले से लिखा है – महिलाओं, एससी–एसटी अफसरों को प्रमुख पदों पर किया जाए नामित।

**आज अखबार** लिखता है – जीविका दीदियों को मिलेगा अपना बैंक, सस्ता लोन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा – पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में आगे भी काम करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज एक हजार दो सौ तिरासी आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने प्रदेश में मखाना बोर्ड की तर्ज पर पान विकास बोर्ड के गठन की घोषणा की।

04. और, प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव के बीच पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हुई बढ़ोतरी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।